आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर पश्चिम रेलवे

रेल भर्ती कक्ष,
पावर हाऊस रोड़, जयपुर–302006
वेबसाइट *www.rrcjaipur.in*

G20 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

N.W.R.

सं. 740–ई/आरआरसी/स्काउट एवं गाइड/02/2022 दिनांक 21.06.2023

सर्व संबंधित,

विषयः– रोजगार सूचना संख्या 02/2022 के अन्तर्गत स्काउट एवं गाइड कोटा में लेवल–1 व 2 के पदों पर भर्ती के संबंध में।

उत्तर पश्चिम रेलवे में स्काउट एवं गाइड कोटा वर्ष 2022–23 के लिए रोजगार सूचना संख्या 02/2022 दिनांक 10.11.2022 के अन्तर्गत पात्र उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 23.06.2023 को अलंकार पीजी महिला महाविद्यालय, सिरसी रोड, जयपुर में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु आरआरसी की अधिकृत वेबसाइट *www.rrcjaipur.in* पर ई–बुलावा पत्र के लिए लिंक उपलब्ध करवा दिया गया है। अतः सभी पात्र उम्मीदवार उक्त वेबसाइट से समय रहते अपना ई–बुलावा पत्र डाउनलोड कर लें।

जिन उम्मीदवारों के ई–बुलावा पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहे हैं, वे उम्मीदवार दिनांक 22.06.2023 तक समय 09.30 बजे से 17.00 बजे के दौरान, आरआरसी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना मूल आइडी कार्ड दिखाकर, स्वयं का ई–बुलावा पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

कम सं.	कार्य का विवरण	संभावित तिथि
1.	लिखित परीक्षा	23.06.2023
2	लिखित परीक्षा के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की उत्तर कुंजी अपलोड किया जाएगा	23.06.2023 को 15.30 बजे
3.	उत्तर के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराने की अवधि (उत्तर के सम्बन्ध में दस्तावेजी प्रमाण सहित केवल ई मेल के माध्यम से उम्मीदवार द्वारा रोल नं का उल्लेख करते हुए)	23.06.2023 (15.30 बजे से 18.30 बजे तक)
4	लिखित परीक्षा का परिणाम जारी करना	26.06.2023
5	शार्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन (न्यूनतम प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यार्थियों को रिक्तियों के पॉच गुना (मेरिट अनुसार) बुलाया जायेगा)	27.06.2023 (रिर्पोटिंग समय 9.30 बजे)
6	स्काउट एवं गाईड प्रमाण पत्रों का मूल्यांकन	28.06.2023 (रिर्पोटिंग समय 9.30 बजे)

अतः उम्मीदवारों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे शार्टलिस्ट होने की स्थिति में निम्न अपेक्षित मूल दस्तावेज मय दो–दो छायाप्रतियॉ (जो कि स्व सत्यापित होने चाहिए) व स्वय की 06 नवीनतम फोटो सहित उपस्थित होवेंः–

- शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र,
- स्काउट एवं गाइड योग्यता/उपलब्धि प्रमाण पत्र, {विशेषरूप से वे उम्मीदवार जिन्हे प्रोविजनली पात्र घोषित किया गया वे आपने सभी प्रमाण पत्र मय Activeness प्रमाण–पत्र लाना सुनिश्चित करें।
- जाति/समुदाय संबंधी नवीनतम एवं पुराना प्रमाण–पत्र, नवीनतम ओबीसी, ईबीसी प्रमाण पत्र यदि लागू हो,
- अल्पसंख्यक शपथ पत्र (नान ज्यूडिशयल शपथ पत्र), यदि लागू हो,
- इसके अतिरिक्त किसी भी उम्मीदवार के दस्तावेजों में आंशिक स्पेलिंग मिस्टेक इत्यादि होने की दशा में, संबंधित अभ्यर्थी इसके लिए शपथ पत्र की मूल प्रति (शपथ पत्र केवल आंशिक त्रुटि के लिए ही मान्य होगा)

इस भर्ती से संबंधित अन्य अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित उम्मीदवार आरआरसी, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट *www.rrcjaipur.in* का निरन्तर अवलोकन करते रहे।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती कक्ष, उपरे